कार्मेल स्कूल मधुपुर

Page 1

कक्षा - चतुर्थ

हिन्दी - प्रथम

## पाठ-1 भाषा, लिपि और व्याकरण

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न-(क) भाषा किसे कहते हैं? भाषा के कितने रूप होते हैं?

उत्तर → जिस साधन से हम अपने विचार बोलकर या लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरे के विचारों को सुनकर या पढ़कर समझ लेते हैं, उसे भाषा कहते हैं।

भाषा के दो रूप होते हैं-
① मौखिक भाषा ② लिखित भाषा

मौखिक भाषा → जब हम अपने मन के विचार बोलकर दूसरों को समझाते हैं, तो यह भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

Scanned with CamScanner

लिखित भाषा → जब हम हाथ या मशीन से लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं।

प्रश्न-(ख) लिपि किसे कहते हैं?

उत्तर → किसी भी भाषा की लिखावट या लिखने का ढंग। ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं।

प्रश्न-(ग) व्याकरण किसे कहते हैं?

उत्तर व्याकरण वह शास्त्र है जिसके द्वारा किसी भाषा को शुद्ध बोला, पढ़ा और शुद्ध लिखा जाता है, व्याकरण कहलाता है।

Scanned with CamScanner

# पाठ-2 वर्ण-विचार



1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न-(क) वर्ण किसे कहते है? वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर भाषा की सबसे छोटी ध्वनि जिसके खंड नही किए जा सकते, उसे वर्ण या अक्षर कहते हैं

वर्ण दो प्रकार के होते हैं-
(1) स्वर (2) व्यंजन

स्वर → जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है, उन्हें स्वर कहते हैं। हिन्दी में स्वरों की संख्या ग्यारह (11) है।
अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ
ओ औ ।

Scanned with CamScanner

व्यंजन → जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है, वे व्यंजन कहलाते हैं। हिन्दी में तैंतीस (33) व्यंजन हैं। 'क' से 'ह' तक।

प्रश्न-(ख) स्वर और व्यंजन में क्या अंतर है?

उत्तर- स्वर का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है, जबकि व्यंजन का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है।

प्रश्न(ग) मात्रा किसे कहते हैं?

उत्तर व्यंजन के साथ लगने वाले स्वरों के विशेष चिह्न को मात्रा कहते हैं।

प्रश्न(घ) वर्णमाला किसे कहते हैं?

उत्तर → भाषा में वर्णों के एक निश्चित क्रम में बंधे समूह को वर्णमाला कहते हैं।

Scanned with CamScanner